भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 31 | बिजौलिया - गुरुवार,10 सितम्बर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


## ईवीएम में कैद जनादेश, प्रत्याशियों के दावों में जीत का भरोसा

# भीलवाड़ा में 62.71% मतदान, बीगोद में 91.49% ने चौंकाया, 95 वार्डों में 360 प्रत्याशियों का भविष्य मशीनों में बंद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

नगर निकाय चुनाव के पहले चरण का मतदान बुधवार शाम 6 बजे समाप्त होने के साथ ही चुनावी शोर थम गया, लेकिन प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों के भीतर चल रही हलचल अब और तेज हो गई है। मतदान केंद्रों से मतदाताओं की कतारें भले ही हट गई हों, मगर प्रत्याशियों के दिमाग में अब बूथवार वोटों का हिसाब-किताब चल रहा है। कौन सा बूथ उम्मीद के मुताबिक गया, कहां मतदान ने चौंकाया और आखिरी समय में किस तरफ वोटों का रुख रहा–इन्हीं सवालों के बीच प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत का गणित बैठाने में जुटे हैं।

पहले चरण में भीलवाड़ा नगर निगम और बीगोद नगर पालिका के 95 वार्डों में चुनाव हुआ। कुल 360 प्रत्याशियों का राजनीतिक भविष्य अब ईवीएम में बंद है। भीलवाड़ा में शाम 6 बजे तक 62.71 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ, जबकि बीगोद ने मतदान के मामले में अलग ही तस्वीर पेश करते हुए 91.49 प्रतिशत मतदान किया। बीगोद का यह आंकड़ा पूरे चुनावी माहौल में चर्चा का विषय बन गया है।

अब प्रत्याशियों के पास जनता के बीच पहुंचने, वोट मांगने और समीकरण बदलने का समय खत्म हो चुका है। अगली मुलाकात सीधे मतगणना केंद्र पर होगी, जहां 14 सितंबर को ईवीएम खुलेंगी और दावों की असली परीक्षा होगी।




### मतदान खत्म होते ही शुरू हुआ बूथों क

चुनाव के दौरान जिन प्रत्याशियों के समर्थक घर-घर जाकर वोट मांग रहे थे, वही अब बूथवार मतदान प्रतिशत जुटाने में लगे हैं। मतदान समाप्त होने के बाद कई जगह समर्थकों की बैठकें हुईं और अपने-अपने वार्ड की स्थिति का आकलन किया गया।

किसी खेमे का दावा है कि उनके पक्ष में मतदाताओं का रुझान उम्मीद से बेहतर रहा, तो कहीं कम मतदान को अपने लिए फायदेमंद बताया जा रहा है। कुछ प्रत्याशी आखिरी दौर में हुए मतदान को निर्णायक मान रहे हैं। वहीं राजनीतिक दलों के स्थानीय कार्यकर्ता भी वार्डवार आंकड़ों को जोड़कर संभावित परिणाम का अनुमान लगाने में लगे हैं।

हालांकि चुनावी गणित का सबसे बड़ा सच यही है कि मतदान प्रतिशत अपने आप में जीत की गारंटी नहीं होता। असली तस्वीर ईवीएम खुलने के बाद ही सामने आएगी।

### बीगोद में 91.49' मतदान ने बढ़ाई उत्सुकता

पहले चरण में सबसे ज्यादा ध्यान बीगोद के मतदान प्रतिशत ने खींचा। यहां सुबह से ही मतदाताओं में खासा उत्साह नजर आया। सुबह 10 बजे तक 32.26 प्रतिशत मतदान हो चुका था। दोपहर 1 बजे तक यह आंकड़ा 67.53 प्रतिशत और दोपहर 3 बजे तक 80.72 प्रतिशत पहुंच गया।

शाम 6 बजे मतदान खत्म होने तक बीगोद में मतदान 91.49 प्रतिशत पर पहुंच गया। यानी हर 100 में से 91 से ज्यादा मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

नगर पालिका बनने के बाद बीगोद में हुए पहले निकाय चुनाव में इतना ऊंचा मतदान कई तरह के राजनीतिक कयासों को जन्म दे रहा है। हालांकि ज्यादा मतदान किसके पक्ष में गया, इसका जवाब फिलहाल किसी के पास नहीं है।

### भीलवाड़ा में 62.71' मतदान, अब परिणाम पर नजर

भीलवाड़ा नगर निगम के 70 वार्डों में मतदान प्रतिशत बीगोद के मुकाबले काफी कम रहा। सुबह 10 बजे तक 15.02 प्रतिशत, दोपहर 1 बजे तक 36.67 प्रतिशत और दोपहर 3 बजे तक 49.44 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

शाम 6 बजे मतदान समाप्त होने तक कुल मतदान 62.71 प्रतिशत रहा। अब इसी आंकड़े को लेकर प्रत्याशी अपने-अपने तरीके से गणित लगा रहे हैं। किसी के लिए यह मतदान प्रतिशत उम्मीद की वजह है तो किसी के लिए चिंता का कारण। कई प्रत्याशी अपने परंपरागत समर्थक वोटों को जोड़कर जीत का अनुमान लगा रहे हैं, जबकि विरोधी खेमे के संभावित वोटों को लेकर भी अलग-अलग आकलन किए जा रहे हैं।

### 360 प्रत्याशियों की नजर अब 14 सितंबर पर

पहले चरण में चुनाव लड़ रहे 360 प्रत्याशियों के लिए अब इंतजार का दौर शुरू हो गया है। चुनाव प्रचार के दौरान हर प्रत्याशी अपने पक्ष में माहौल होने का दावा कर रहा था। मतदान के बाद भी जीत के दावे थमे नहीं हैं।

वार्डों में अब चर्चा इस बात की है कि किस प्रत्याशी को कितने वोट मिल सकते हैं। समर्थक अपनी पकड़ वाले इलाकों के आंकड़े गिना रहे हैं और प्रत्याशी संभावित जीत का अंतर तक निकालने में जुटे हैं।

लेकिन चुनाव परिणाम से पहले किए जा रहे ये सभी दावे फिलहाल अनुमान ही हैं। ईवीएम में दर्ज मत ही अंतिम फैसला तय करेंगे।

### पहले चरण का खेल खत्म, दूसरे चरण की तैयारी तेज

पहले चरण का मतदान खत्म होने के साथ ही जिले में अब दूसरे चरण के चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। 11 सितंबर 2026 को जिले की शेष 9 नगर पालिकाओं में मतदान होगा। इन निकायों के 230 वार्डों में 1,34,805 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

# रोड शो में भजनलाल गरजे, गहलोत बोले- जनता का रुख साफ



**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

निकाय चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार के अंतिम दिन बुधवार को जयपुर में भाजपा और कांग्रेस के बीच सियासी बयानबाजी तेज नजर आई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में रोड शो कर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार किया। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री के रोड शो और भाजपा के चुनावी दावों पर पलटवार किया।

मुख्यमंत्री का रोड शो दोपहर में सांगानेरी गेट से शुरू होकर जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़ होते हुए त्रिपोलिया गेट तक पहुंचा। खुली जीप में सवार मुख्यमंत्री के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान निकाय चुनाव प्रभारी हरीश द्विवेदी, जयपुर सांसद मंजू शर्मा और विधायक बालमुकुंद आचार्य भी मौजूद रहे। रोड शो के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह दिखाई दिया। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए 'लव जिहाद' और धर्मांतरण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ऐसे मामलों को लेकर सख्त है और धर्मांतरण विरोधी कानून के जरिए इस दिशा में स्थायी समाधान की ओर कदम बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ऐसी गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बढ़ावा नहीं दिया जाएगा।

# मिनी बस की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की मौत

## बालापुरा-अमरतिया रोड पर बाइक और मिनी बस की आमने-सामने भिड़ंत, 62 वर्षीय वृद्ध की गई जान

**भीलवाड़ा फोकस @ आगुचा**

बालापुरा-अमरतिया रोड पर बुधवार को मिनी सवारी बस और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में बाइक सवार 62 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब खामोर से आगूचा की ओर आ रहे बाइक सवार की सामने से जा रही मिनी बस से टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।पुलिस के अनुसार नई राज्यास ग्राम पंचायत के रेबारी खेड़ा निवासी छोटू पुत्र श्रवण भील उम्र (62) वर्ष बाइक से खामोर से आगूचा की ओर आ रहा था। इसी दौरान बालापुरा-अमरतिया रोड पर गुलाबपुरा की तरफ से सामने से आ रही मिनी सवारी बस से बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में छोटू भील की मौत हो गई।बताया गया कि संबंधित मिनी बस रोजाना खामोर से गुलाबपुरा और



गुलाबपुरा से खामोर के बीच सवारियां लेकर आवागमन करती है। हादसे के समय भी बस गुलाबपुरा से खामोर ओर जा रही थी। हेड कांस्टेबल सुभाष चौधरी ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। आगूचा चौकी से कांस्टेबल परमवीर सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। 108 एंबुलेंस की मदद से मृतक के शव को गुलाबपुरा अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी।पुलिस ने हादसे में शामिल बाइक और मिनी बस को डिटेन कर लिया।पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

# 5 राज्यों के चुनाव में भाजपा को 1,473 करोड़ रु. चंदा: कांग्रेस से 7 गुना ज्यादा; असम में 96 करोड़ रु. खर्च किए, 22 सीटें ज्यादा जीतीं

**भीलवाड़ा फोकस @ नई दिल्ली।**

असम, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी, केरल और तमिलनाडु के विधानसभा चुनाव में भाजपा को कांग्रेस के मुकाबले करीब 7 गुना ज्यादा चंदा मिला। 15 मार्च से 4 मई तक की चुनावी अवधि में भाजपा को रु. 1,472.8 करोड़, जबकि कांग्रेस को रु. 207.17 करोड़ मिले।

चुनाव आयोग ने बुधवार को ये आंकड़े जारी किए। केरल और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भाजपा के खर्च का पूरा विवरण अभी सामने नहीं आया है।

चुनाव आयोग के मुताबिक, भाजपा ने असम में सबसे ज्यादा रु. 96 करोड़ खर्च किए। पार्टी ने यहां 82 सीटों पर जीत दर्ज की, जो 2021 के विधानसभा चुनाव की तुलना में 22 सीटें अधिक हैं।

असम, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने सरकार बनाई। वहीं केरल में इंडिया गठबंधन और तमिलनाडु में टीवीके तथा कांग्रेस की सरकार बनी।



### कांग्रेस का चंदा घटकर रु. 103.2 करोड़ हुआ

चुनावी अवधि के दौरान भाजपा के कोष में रु. 904.6 करोड़ का इजाफा हुआ। 15 मार्च को पार्टी के पास रु. 6,722.6 करोड़ थे, जो 6 मई तक बढ़कर रु. 7,627.2 करोड़ हो गए।

वहीं कांग्रेस के चुनावी कोष में रु. 65.86 करोड़ की कमी आई। चुनावी अवधि की शुरुआत में पार्टी के पास करीब रु. 169.06 करोड़ थे। इनमें रु. 22.9 करोड़ नकद और रु. 146.1 करोड़ बैंक खातों में जमा थे। 6 मई तक यह रकम घटकर करीब रु. 103.2 करोड़ रह गई।

### पुडुचेरी में भाजपा ने रु. 11.90 करोड़ खर्च किए

भाजपा ने असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में करीब रु. 159.7 करोड़ खर्च किए। इसमें करीब रु. 130.4 करोड़ सामान्य पार्टी प्रचार पर और बाकी राशि उम्मीदवारों से जुड़े खर्च में लगी।

असम में भाजपा ने सबसे ज्यादा रु. 96.27 करोड़ खर्च किए। इसमें रु. 76.73 करोड़ सामान्य प्रचार और रु. 19.54 करोड़ उम्मीदवारों पर खर्च हुए।

तमिलनाडु में भाजपा का कुल खर्च रु. 51.56 करोड़ रहा। इसमें रु. 44.51 करोड़ सामान्य प्रचार और रु. 7.05 करोड़ उम्मीदवारों से जुड़े खर्च पर लगाए गए। हालांकि पार्टी को यहां सिर्फ एक सीट मिली।

तमिलनाडु में मीडिया विज्ञापनों पर करीब रु. 23.96 करोड़, स्टार प्रचारकों की यात्रा पर करीब रु. 10.04 करोड़ और प्रचार सामग्री पर करीब रु. 5.85 करोड़ खर्च किए गए।

पुडुचेरी में भाजपा ने रु. 11.90 करोड़ खर्च किए। इसमें रु. 9.19 करोड़ सामान्य प्रचार और रु. 2.71 करोड़ उम्मीदवारों पर खर्च हुए।

### कांग्रेस ने प्रचार पर रु. 143 करोड़ खर्च किए

कांग्रेस ने पांचों राज्यों में सामान्य पार्टी प्रचार पर रु. 143 करोड़ और उम्मीदवारों पर रु. 105.55 करोड़ खर्च किए। इस तरह उसका कुल चुनावी खर्च करीब रु. 248.55 करोड़ रहा।

कांग्रेस के केंद्रीय मुख्यालय ने पांचों राज्यों में सामान्य प्रचार पर रु. 40.52 करोड़ खर्च किए। वहीं राज्य और स्थानीय इकाइयों ने इसी मद में रु. 102.49 करोड़ खर्च किए।

कांग्रेस के सामान्य प्रचार खर्च में केरल की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा रही। वहां पार्टी ने रु. 59.28 करोड़ खर्च किए। इसके बाद असम में सामान्य प्रचार पर रु. 22.62 करोड़ खर्च किए गए।

### साल 2024-25 में राजनीतिक दलों की आय

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2024-25 में भाजपा की कुल आय रु. 6,769.15 करोड़ रही।


राधे कृष्णा हर्बल
मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल
30, माणक नगरी बून्दी रोड़ बिजोलिया MO.8426904895

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# नाकाबंदी में भागी क्रेटा, पीछा करने पर पत्थर से टकराई; 316 किलो डोडा चूरा बरामद, दो गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़।**
भैंसरोड़गढ़ थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 316 किलो 170 ग्राम डोडा चूरा बरामद किया है। पुलिस ने क्रेटा कार को जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।
पुलिस के अनुसार मंडेसरा से लोठियाना जाने वाले कच्चे रास्ते पर नाकाबंदी की गई थी। इसी दौरान एक संदिग्ध क्रेटा कार आती दिखाई दी। पुलिस को देखकर चालक कार को तेज गति से लोठियाना की ओर भगाने लगा। पुलिस टीम ने पीछा किया तो ब्राह्मणी नदी के पास कार पत्थर से टकरा गई। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर कार सवार दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। तलाशी में कार से 316 किलो 170 ग्राम डोडा चूरा मिला। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कालूराम (40) और गोपाल (74) निवासी लोहरवाड़ा, थाना नसीराबाद, अजमेर के रूप में हुई है।
पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब मादक पदार्थ की तस्करी से जुड़े अन्य लोगों और पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है।
कार्रवाई थानाधिकारी कमलचंद मीणा के नेतृत्व में एएसआई शंभूलाल, हेड कांस्टेबल राधेश्याम, कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह, रामरूप, धर्मेंद्र, लक्ष्मण, ब्रजराज, सोनूराम, किशनलाल और चालक बलवीर सिंह की टीम ने की।

# 85 गांवों की हरि बोल प्रभात फेरीयो के साथ चारभुजानाथ की शौभायात्रा निकाल





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**
बड़े मंदिर चारभुजानाथ मंदिर पर चौबीस घंटे अखण्ड रामायण पाठ महा प्रसादी, हरि बोल प्रभातफेरीयो का संगम हुआ। रामायण पाठ की पुर्णाहुति होने पर चारभुजानाथ को बैवाण को रथ में बिराजमान कर पुरे गांव में शौभायात्रा निकालीं गई। चांदरास चारभुजानाथ मंदिर पर मंगलवार को सुबह चौबीस घंटे अखण्ड रामायण पाठ प्रारंभ हुआ। जो बुधवार को सुबह समपन हुआ। बुधवार सुबह 85 गांवों की हरि बोल प्रभातफेरीयो का समागम हुआ। हरि बोल प्रभात फेरी बस स्टैंड मंशापूर्ण महादेव से प्रारंभ होकर पुरे गांव निकालीं गई। गाजे बाजे के साथ निकाली गई। शौभायात्रा में महिलाएं पुरुष भजनों पर नाचते झुमते हुए चल रहे थें। शौभायात्रा का जगह-जगह पर पुष्प वर्षा, गुलाल से स्वागत सत्कार किया गया। शौभायात्रा चारभुजानाथ मंदिर पहुंच कर समापन हुई।उसके बाद भगवान चारभुजानाथ की महाआरती हुई। शाम तीन बजे बाद में चारभुजानाथ को लापसी का भोग लगाकर महा प्रसादी का आयोजन हुआ। हरि बोल प्रभातफेरीयो का स्वागत सत्कार श्रीफल, दुपट्टा ओढ़ाकर किया गया। चारभुजानाथ महा प्रसादी कार्यक्रम समस्त ग्रामवासियों द्वारा किया गया।

# नगर पालिका चुनाव से पहले बिजोलिया में प्रशासन-पुलिस का फ्लैग मार्च





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**
नगर पालिका चुनाव के तहत 11 सितंबर को होने वाले मतदान से पूर्व बुधवार शाम प्रशासन एवं पुलिस ने नगर में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च पुलिस थाने से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान पुलिस एवं प्रशासन ने शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए पूरी तरह मुस्तैद रहने का संदेश दिया।
फ्लैग मार्च के दौरान चुनावी अधिकारी एवं कार्मिक भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने आमजन एवं प्रत्याशियों को चुनाव आचार संहिता की पालना करने तथा शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने का संदेश दिया। पुलिस ने भी चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी तरह की अव्यवस्था पर सख्ती से कार्रवाई करने के संकेत दिया।
फ्लैग मार्च में उपखंड अधिकारी छोटू लाल शर्मा, तहसीलदार ललित डीडवानिया, थाना प्रभारी स्वागत पांड्या, अधिशासी अधिकारी तरुण कुमार शर्मा सहित पुलिस, प्रशासन एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है।


# गुरला में महिलाओं ने बछ बारस पर गाय की पूजा कर पुत्र की दीर्घायु की कामना की



**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।**
भाद्रपद कृष्ण पक्ष की द्वादशी पर मनाए जाने वाले लोक पर्व बछ बारस पर शिव नगर क्षेत्र में महिलाओं ने पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ गाय-बछड़े की पूजा की। शिव नगर निवासी लक्ष्मी त्रिपाठी ने बताया कि बछ बारस पर गाय की पूजा कर सुख-शांति एवं पुत्र की दीर्घायु की कामना की जाती है। इस दिन महिलाएं पूरा दिन व्रत रखती हैं एवं चाकू (लोहे) से कटी हुई कोई भी वस्तु का सेवन नहीं किया जाता है।उन्होंने बताया कि सुबह से ही महिलाओं ने गाय और बछड़े को तिलक लगाकर, माला पहनाकर, बाजरा और हरा चारा खिलाकर पूजा की और गाय की परिक्रमा कर संतान के उज्जवल भविष्य की प्रार्थना की। इस दिन गाय के दूध, दही, घी का सेवन वर्जित माना जाता है। बुजुर्ग महिलाओं ने बछ बारस की पौराणिक कथा सुनाई और नई पीढ़ी को इस व्रत के महत्व के बारे में बताया।
दिनभर व्रत रखने के बाद शाम को कथा सुनकर महिलाओं ने अपना व्रत खोला। गुरला में इस पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

# बच्चों ने की श्रद्धा एवं भक्ति भाव से परमात्मा की पूजा, परमात्मा की आराधना में भजन संध्या में छाया भक्ति का रंग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**
पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व की आठ दिवसीय आराधना के तहत बापूनगर स्थित श्री संभवनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में प्रतिदिन भगवान के जयकारो के मध्य श्रद्धाभाव से पूजा अर्चना के साथ प्रभु भक्ति से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रम हो रहे है। श्री संभवनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर समिति के तत्वावधान में पर्युषण के दूसरे दिन बुधवार को बच्चों को परमात्मा की पूजा करने का सुअवसर प्राप्त हुआ। बापूनगर क्षेत्र के बीस से अधिक बच्चों ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से परमात्मा की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दूसरे दिन पक्षाल व केसर पुजा के लाभार्थी निर्मलादेवी मनोजकुमार, विनोद,नीलम, रौनक, अभिजीत, नमन महात्मा परिवार रहा। इसी तरह प्रातःकालीन आरती एवं मंगलदीपक



लाभार्थी विजयसिंह ऋषभ कोठारी परिवार रहा। प्रातःकालीन श्री नाकोड़ा भैरव देव एवं पद्मावती माता की आरती के लाभार्थी पारसमल, गौरवकुमार जैन परिवार रहा। भगवान की अंगरचना लाभार्थी घिसीबाई भंवरलाल नागौत्रा (सोलंकी) परिवार एवं विमल भाई परिवार रहा। संध्याकालीन आरती एवं मंगल दीपक लाभार्थी सुरेन्द्र,सत्येन्द्र,सिद्धार्थ चौरड़िया परिवार रहा। संध्याकालीन श्री नाकोड़ा भैरव देव एवं पद्मावती माता की आरती के लाभार्थी लादूसिंह,अमित,दीपककुमार लोढ़ा परिवार रहा। परमात्मा की पूजा करने वाले बच्चों में शिवम मेहता, खुशी मेहता,मनन, लक्ष गौरव जैन, लविश जितेन्द्र सेठ, वीर सेठिया, रिया सेठिया, राबी सिंघवी, प्राक्षी डागा, अंश कोठारी, आकृषि कोठारी, अन्वी पालेचा,अर्थव पालेचा, दर्शित संकलेचा, प्रांश बाफना, प्रणवी बाफना, यदुवीर मेहता, मिहान मेहता आदि शामिल थे। पूजा करने वाले अंगरचना बनाने में सहयोग संजय लोढ़ा, जितेन्द्र आंचलिया, दिनेश गोलेछा, संयम कर्णावट, खुशी मेहता, गार्गी खाब्या, नक्ष खाब्या, साक्षी आंचलिया आदि का रहा। पूजा करने वाले बच्चों की प्रभावना के लाभार्थी प्रेमचंद गुगलिया परिवार रहा।
शाम को भगवान की आरती एवं मंगल दीपक के बाद भक्ति संध्या प्रारंभ हुई। गायक गोविन्द गुरावा द्वारा भक्ति की है रात, ओ तारणहारे, परमात्मा थी रंगस मारो आत्मा, मेरे सर पर रख दो दादा जैसे एक से बढ़कर परमात्मा की भक्ति से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति दी तो श्रद्धालु झूम उठे ओर परमात्मा के खूब जयकारे लगे। शुरू में कुलदीप गुगलिया ने मंत्र नवकार हमे प्राणों से प्यारा के साथ इसका आगाज करते हुए दुनिया से में हारा तो आया तेरे द्वार जैसे भजन की मनभावन प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं की सराहना प्राप्त की।

# शिक्षा के लिए भामाशाहों ने खोला दिल, कलेक्टर ने किया सम्मान; 80 साल की मांगी बाई ने दिए 15 लाख



**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़।**
शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करने वाले भामाशाहों को जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिला प्रशासन की ओर से शिक्षा विभाग के हर माह 8 भामाशाहों के सम्मान की पहल शुरू की गई है।
इस दौरान राशमी तहसील के देवीपुरा गांव की 80 वर्षीय मांगी बाई अहीर का योगदान खास चर्चा में रहा। खुद निरक्षर और कोई बेटा-बेटी नहीं होने के बावजूद मांगी बाई ने विद्यालय को मंदिर और बच्चों को भगवान मानते हुए 15 लाख रुपए विद्यालय विकास के लिए दान किए। उनके सहयोग से स्कूल में पानी की टंकी, कक्षाकक्ष और सरस्वती मंदिर सहित कई कार्य करवाए गए।
वहीं अमेरिका में रहने वाले एनआरआई डॉ. मुस्तफा ने गांव के बच्चों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के लिए करीब 18 लाख रुपए का सहयोग किया। उनके सहयोग से कंप्यूटर लैब, शिक्षकों की व्यवस्था, इन्वर्टर और सीसीटीवी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। मडावदा के ग्रामीणों ने भी गांव के करीब 150 परिवारों को स्कूल से जोड़कर लगभग 5 लाख रुपए जुटाए और विद्यालय का विकास कराया। कलेक्टर ने खेल मैदान, बालिका शौचालय और स्मार्ट बोर्ड के प्रस्ताव सीएसआर से स्वीकृत कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा प्रकाश टेलर, नरेश कुमार मालू, सम्पतलाल बोरदिया, तुलसी जोशी और प्रहलाद जाट सहित अन्य भामाशाहों को भी विद्यालय विकास में सहयोग के लिए सम्मानित किया गया।
कलेक्टर डॉ. मंजू ने कहा कि शिक्षा के मंदिरों को समृद्ध करना ही सच्ची सेवा है और भामाशाहों का योगदान समाज के लिए प्रेरणादायी है।




QUICK BITES

# दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन के तहत किसानों को दिया प्रशिक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़



कृषि विभाग की ओर से बुधवार को ग्राम बाकरा में दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन के तहत अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहायक कृषि अधिकारी अमित जागेटिया ने किसानों को दलहनी फसलों की उन्नत खेती, बीज चयन, बुवाई एवं फसल प्रबंधन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिशन का उद्देश्य दलहन उत्पादन बढ़ाकर किसानों को आत्मनिर्भर बनाना है।

कृषि प्रवेक्षक मस्तराम मीणा ने किसानों को विभाग की तारबंदी एवं पाइपलाइन योजना की जानकारी देते हुए पात्र किसानों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया इस दौरान उप प्रशासक सत्यनारायण शर्मा, सांवरिया सालवी, शिव प्रजापत, श्याम माली, रामप्रसाद रेगर, कैलाश रैगर, मोहन रैगर सहित किसान एवं ग्रामीण मौजूद रहे

# अखिल राजस्थान प्रबोधन संघ की सवाईपुर में बैठक आयोजिज

## बनकाखेड़ा में होगा दो दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर




**( सांवर वैष्णव ):-** अखिल राजस्थान प्रबोधन संघ जिला भीलवाड़ा का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन 18 व 19 सितंबर 2026 को कोटडी ब्लॉक के तत्वाधान में सवाईपुर क्षेत्र के बनकाखेड़ा गांव में स्थित मोचड़िया के मण्ड देवनारायण मंदिर में होगा । जिसको लेकर आवश्यक बैठक रूपरेखा तैयारी एवं शैक्षिक सम्मेलन को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाने हेतु बुधवार को सवाईपुर में बैठक रखी गई । जिसमें जिलाध्यक्ष किशनसिह राठोड, देवराजसिंह, हरिशंकर जाट, विमल आचार्य, भगवत सिंह, शंभूलाल बलाई, शंकर ओड़, नंद सिंह, नारायण गाडरी, गोपाल गाडरी, जयप्रकाश गर्ग, शंकर सिंह, सुरेंद्र सिंह आदि प्रबोधकगण उपस्थित रहकर सम्मेलन हेतु विचार विमर्श राय रखी और कार्यकम की सफलता के लिए सभी साथियों को एकजुट होकर मुश्तैदी से कमर कसने का आव्हान किया । सभी साथियों ने अपने अपने विचार भी रखे । शैक्षिक सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के शैक्षिक उन्नयन को गुणवत्तापूर्ण बढ़ावा मिले पर तैयारी के साथ आने को कहा । सम्मेलन हेतु आगामी बैठक 13 सितंबर को प्रातः 11 बजे बनकाखेड़ा में मोचडिया का मंड देवनारायण मंदिर में होगी ।।






# ढ़ेलाणा में देशी अलगोजा पर निकाली तेजाजी महाराज की झंडी






भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर क्षेत्र के ढ़ेलाणा गांव में मंगलवार रात्रि को देशी अलगोजा की धुन पर तेजाजी महाराज की झंडी और ज्योत निकाली गई । ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार रात्रि को ढ़ेलाणा गांव में तेजाजी महाराज की झंडी निकाली गई, राजस्थान के लोकदेवता वीर तेजाजी महाराज के जीवन और यशोगाथा देशी अलगोजा जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर वीर तेजाजी के लोकगीत एवं जीवनी का बखान किया गया । जिसमें बलिया खेड़ा, जित्यास व गधेरी के कलाकारों के द्वारा तेजा गायन का बखान किया गया । अलगोजा की धुन पर तेजा गायन में वातावरण भक्तिमय हो गया । भाव-विभोर होकर ग्रामीण नाचने को मजबूर हो गए । तेजाजी महाराज की झंडी गांव के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः तेजाजी मंदिर पर पहुंची । इस दौरान देवा जाट, सुखा जाट, लालाराम जाट, देवबक्ष जाट, रामलाल जाट, अम्बालाल जाट, बद्रीलाल जाट, प्रभु जाट, हीरालाल जाट, कन्हैयालाल जाट, गोपाल जाट, भंवर जाट, नारायण जाट, सुखदेव जाट, सांवर वैष्णव, शांतिलाल वैष्णव, श्यामलाल जाट, रोशन जाट, मनीष जाट, लोकेश जाट, राधेश्याम जाट, सोनू जाट, राहुल, लक्ष्मण, अभिषेक, सोनू आदि कई मौजूद रहे ।।

# बनकाखेड़ा में तेजा गायन महासम्मेलन रविवार को

## 50 से अधिक गांवों की टीमों का होगा संगम

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।



**( सांवर वैष्णव ):-** राजस्थान में लोकदेवता वीर तेजाजी महाराज के जीवन और यशोगाथा पर आधारित विशाल तेजा गायन समारोह का महासम्मेलन रविवार 13 सितंबर को सवाईपुर क्षेत्र के बनकाखेड़ा गांव स्थित धाम श्री मोचडिया का मंड देवनारायण मंदिर प्रांगण में आयोजित होगा । इस महा सम्मेलन में अलगोजा जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर वीर तेजाजी के लोकगीत गाए जायेंगे । शंकरलाल जाट व नारायण भदाला ने बताया कि भारतीय संस्कृति को जागृत करने और युवाओं को जोड़ने को लेकर इस कार्यक्रम का आयोजन बनकाखेड़ा में मोचड़िया के मंड देवनारायण मंदिर प्रांगण में रविवार 13 सितंबर को किया जा रहा है । इस विशाल कार्यक्रम में आसपास के 51 गांवों से तेजा गायन की टीम भाग लेगी । वही इस कार्यक्रम को खास बनाने के लिए प्रतियोगिता का स्वरूप दिया गया । इस तेजा गायन कार्यक्रम में प्रथम आने वाली टीम को ? 21,000 व दूसरे स्थान पर आने वाली टीम को ? 11,000 एवं तीसरे स्थान पर आने वाले टीम को ? 5100 नगद पुरस्कार स्वरूप दिए जाएंगे । इसके साथ ही प्रतियोगिता में शेष सभी टीमों को ? 1100 - ?1100 का पुरस्कार दिया जाएगा । इस कार्यक्रम का आयोजन भगवान देवनारायण की कृपा और जन सहयोग से किया जा रहा है, आयोजक समिति कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने में लगी है, कार्यक्रम की तैयारी भी की जा रही है ।।

# जेन जी का जोशः चुनावी मैदान में युवाओं की दमदार दस्तक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



नगरीय निकाय चुनाव में इस बार युवा पीढ़ी, खासकर 'जेन जी' (Gen z) ने अपनी सक्रिय भागीदारी से चुनावी माहौल को नई ऊर्जा दी। पहली बार वोट डालने वाले युवाओं से लेकर कॉलेज की छात्राओं तक, हर वर्ग ने बूथ स्तर से लेकर प्रचार अभियान तक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

चुनाव के दौरान जहां एक ओर पारंपरिक राजनीति का प्रभाव देखने को मिला, वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के जरिए युवाओं ने प्रचार को नई दिशा दी। इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और अन्य माध्यमों पर युवाओं ने अपने-अपने प्रत्याशियों के समर्थन में कैंपेन चलाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। वहीं वार्ड नंबर 4 में मंगलपुरा स्थित बूथ में खासतौर पर छात्राओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। उन्होंने घर-घर संपर्क अभियान, पंपलेट वितरण और मतदाता जागरूकता जैसे कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कई जगहों पर छात्राओं ने बूथ प्रबंधन में भी सहयोग किया, जिससे मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सकी। विशेषज्ञों का मानना है कि जेन जी की यह सक्रियता भविष्य की राजनीति के लिए संकेत है, जहां युवा केवल दर्शक नहीं बल्कि निर्णायक भूमिका निभाते नजर आएंगे। युवाओं की इस भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले समय में चुनावी रणनीतियों में उनकी भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण होने वाली है।

# भगवान श्रीचारभुजानाथ के छप्पनभोग के लिए हुआ भट्टी मुहूर्त

## :- 19 सितंबर को 1151 किलो शक्कर से तैयार होगा भव्य छप्पनभोग, जलझुलनी महोत्सव में श्रद्धालुओं को मिलेगा प्रसाद

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

मेवाड़ की प्रसिद्ध धर्मनगरी कोटड़ी में भगवान श्रीचारभुजानाथ के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था का एक और भव्य आयोजन होने जा रहा है। 19 सितंबर को जलझुलनी महोत्सव के अवसर पर भगवान श्रीचारभुजानाथ को 1151 किलो शक्कर से तैयार किया जाने वाला विशाल छप्पनभोग अर्पित किया जाएगा। इसी आयोजन की तैयारियों के तहत बुधवार को मंदिर परिसर में भट्टी मुहूर्त एवं विधि-विधान से पूजन किया गया। संत-महंतों, मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं विभिन्न समाज के प्रबुद्धजन व श्रद्धालुओं की मौजूदगी में मंत्रोच्चार के साथ भट्टी पूजन कर छप्पनभोग निर्माण की शुरुआत की गई। आयोजकों ने बताया कि कोटड़ी में लगातार चौथी बार 1151 किलो शक्कर से छप्पनभोग तैयार किया जा रहा है। इससे पूर्व भी भगवान श्रीचारभुजानाथ को 551 किलो और 851 किलो शक्कर से छप्पनभोग अर्पित किया जा चुका है। इस बार आयोजन को और भव्य रूप देने की तैयारियां की जा रही हैं। छप्पनभोग भगवान को अर्पित करने के बाद इसे प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं को पेकेट में पेक कर वितरित किया जाएगा।

**भक्तों के सहयोग से तैयार होगा छप्पनभोग**

छप्पनभोग आयोजन की खास बात यह है कि इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी श्रद्धा के अनुसार सहयोग करते हैं। आयोजन से जुड़े लोगों ने बताया कि भक्तों के सहयोग से 1151 किलो शक्कर का छप्पनभोग तैयार किया जाएगा। भट्टी मुहूर्त के साथ ही आयोजन की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने का काम शुरू कर दिया गया है। छप्पनभोग निर्माण के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। भट्?टी मुहुर्त के दौरान सरसड़ी व माण्डल के महंत दीपकपुरी महाराज ने कहा कि भगवान के चरणों में अर्पित होने वाला छप्पनभोग केवल प्रसाद नहीं बल्कि भक्तों की आस्था, श्रद्धा और सामूहिक सहभागिता का प्रतीक है। धार्मिक आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का भी माध्यम बनते हैं।

**जलझुलनी महोत्सव को लेकर उत्साह**

भगवान श्रीचारभुजानाथ मंदिर में 22 सितंबर को जलझुलनी महोत्सव को लेकर भी तैयारियां चल रही हैं। छप्पनभोग आयोजन को महोत्सव का प्रमुख आकर्षण माना जा रहा है। इसके लिए मंदिर परिसर में सम्पूर्ण परिसर व्यंजनों के थालों से सजाया जाएगा। इस दौरान भक्तों के दर्शन को लेकर विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। आयोजन में कोटड़ी सहित आसपास के गांवों और दूर-दराज क्षेत्रों से श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में आयोजन में शामिल होकर भगवान श्रीचारभुजानाथ के दर्शन करने का आह्वान किया है। आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि और कार्यकर्ता भी सहयोग कर रहे हैं। आयेजन में सबसे अध्क सहयोग शिक्षकों का मिलने पर आयोजकों ने शिक्षक समूदाय का आभार जताया। साथ ही बेंकॉक, अहमदाबाद, अमेरिका, केरल सहित अनेक राज्यों से भगवान के प्रति आस्था जताते हुए राशि भेज कर छप्पनभोग के आयोजन को सफल बनाने की कामना की है। भट्टी मुहूर्त के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीचारभुजानाथ के जयकारे लगाए और 19 सितंबर के भव्य छप्पनभोग आयोजन की सफलता की कामना की। पण्डित विष्णु शर्मा के मन्त्रोच्चारण के साथ भट्?टी मुहुर्त के दौरान मुरलीधर काबरा, चारभुजानाथ के मुख्य पुजारी सत्यनारायण पाराशर, गोविन्द सिंह, निर्मल लोढ़ा, गोपाल गाडरी, छीतर माली, रामलाल जाट, मोहित शर्मा, प्रकाश जोशी, लाल चन्द टेलर, सुनील कुमार लोढ़ा, भगत गुजराती, श्याम पारीक, कैलाश तेली, सम्पत गुजराती, शान्ति लाल पोखरना, सूर्यप्रकाश टेलर, अरविन्द गुजराती सहित अनेक समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



# बडला में लंबे समय से गंदा पानी भरा, ग्रामीण परेशान





**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

ग्राम पंचायत मोतीपुर के बडला ग्राम में घरों के बाहर लंबे समय से गंदा पानी भरा रहने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गंदे पानी और कीचड़ के कारण ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो रहा है, वहीं आसपास के वातावरण पर भी इसका विपरीत असर पड़ रहा है।

ग्रामीण गिराज रायका का कहना है कि इस समस्या को लेकर उन्होंने कई बार पंचायत प्रशासन को अवगत कराया, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। रायका ने आरोप लगाया कि समस्या की शिकायत करने पर उनके साथ कथित रूप से गाली-गलौज भी की गई।

ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण घरों के बाहर पानी जमा रहता है। इससे आने-जाने में परेशानी के साथ-साथ गंदगी और बदबू की समस्या भी बनी हुई है। ग्रामीणों ने पंचायत प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मौके पर पहुंचकर जल निकासी की व्यवस्था करवाई जाए और गंदे पानी की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए।

## जब भी कोई दुःख आए देव,शास्त्र एव गुरू की शरण में जाए - आचार्य पुलकसागर महाराज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

साधु संत सभी सम्मानीय होते है उनमें कोई छोटा बड़ा नहीं होता। किसी में गुण कुछ कम कुछ ज्यादा हो सकते लेकिन कम गुण वाले को नकली नहीं कहा जा सकता। तीर्थंकर परमात्मा ने किसी में कोई भेद नहीं किया तो हम उनमें भेद करने वाले कौन होते है। भगवान ने संतों में तुलना करने का कोई अधिकार नहीं दिया है। इस दुनिया में कोई परफेक्ट नहीं है, किसी के चरित्र में कुछ कमी रह जाए तो उसे चरित्रहीन नहीं कहा जा सकता। ये विचार श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, मैन सेक्टर शास्त्रीनगर के तत्वावधान में सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से भीलवाड़ा में पहली बार चातुर्मास कर रहे राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागरजी महाराज ने शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में बुधवार को चातुर्मासिक प्रवचन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि संत हमेशा आपके गुरू रहेंगे ओर मोक्ष तो प्रयास करने पर ही मिलता है। तीर्थंकर भगवान भी कई भव करके मोक्ष गए थे। हम भी लगे रहेंगे तो कभी न कभी सफलता मिल सकती है। याद रखे हर हीरो कभी जीरो होता है।

आचार्यश्री ने कहा कि पंचम काल के मुनियों से तीर्थंकरों जैसी अपेक्षा नहीं रख सकते यदि वह वैसे हो जाते तो मोक्ष नहीं चले जाते। गलतियां साधुओं से भी होती है लेकिन वह मुनि थे ओर मुनि ही रहेंगे। साधु के पास सभी आकर अपना दुःख सुनाते है। गुरू ये बोल दे कि मैं हूं ना तो शिष्य ओर श्रावक को संबल प्राप्त होता है। कोई व्यक्ति ये बोले कि मैं हूं ना तो ये अवश्य देखे कि वह मात्र बोल रहा है या भीतर से भी साथ है। उन्होंने कहा कि जीवन में जब भी कोई दुःख या संकट आए देव,शास्त्र एव गुरू की शरण में जाए। दुःख दूर करना गुरू का कर्तव्य होता है। जो दुःख में साथ दे वहीं हमारा गुरू होता है। उसे तस्वीर में नहीं तकलीफ में साथ देने वाला होना चाहिए।



श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि आचार्य पुलकसागर महाराज के सानिध्य में पर्युषण (दशलक्षण) पर्व की साधना 16 से 25 सितम्बर तक सूर्यमहल में होगी। इस अवधि में दस दिवसीय पाप नाशनम शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। इस शिविर के लिए अब तक सैकड़ो श्रावक श्राविकाएं पंजीयन करा चुके है। प्रवचन के शुरू में दीप प्रज्वलन,पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट का सौभाग्य संजय, अनिरूद्ध एवं अरिंजय बड़जात्या परिवार ने प्राप्त किया।

## मन की चंचलता ओर भटकाव समाप्त करता राम का नाम - आचार्य रामदयालजी महाराज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

महापुरूषों का आत्मचिंतन हमेशा सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की भावना से होता है। धर्म नाम है ओर नाम की महिमा से ये जगत टिका हुआ है। सत्य राम का नाम है। नाम के प्रताप से ही हम भगवान की महिमा श्रवण कर पाते है। नाम के प्रताप से ही चित एकाग्र हो सकता ओर साधना कर सकते है। हम सत्संग में बैठते है पर हमारा चंचल मन भटकता रहता है। मन की इस चंचलता ओर भटकाव को समाप्त करने वाला राम का नाम है। ये विचार अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के पीठाघीश्वर जगतगुरू आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज ने ''विश्व शांति कल्याण'' चातुर्मास के तहत बुधवार को दैनिक सत्संग में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मन को एकाग्र कर सत्संग सुनेंगे तो जीवन का कल्याण हो जाएगा। चित को जगत से हटाकर राम में लगाना होगा। चित को समाहित कर जो साधना की जाती है वह सिद्धि की पराकाष्टा प्राप्त कर लेती है।



आचार्य रामदयाल महाराज ने कहा कि राम नाम की महिमा अपरम्पार है ओर जिसने राम नाम की साधना की उसके जीवन का बेड़ा पार हो गया।

आचार्यश्री से पूर्व अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के प्रखर वक्ता संत मनोरथरामजी आलोट ने मानस प्रवचन दिया। प्रवचन के विश्राम पर श्रद्धालुओं द्वारा आचार्यश्री रामदयालजी महाराज की आरती की गई।

# साइकिल से पोलिंग बूथ पहुंचे साइकिल क्लब सदस्य, दिया मतदान और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**उंगली पर स्याही के निशान के साथ ली सेल्फी, सोशल मीडिया स्टेटस पर पोस्ट कर सभी को किया जागरूक**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से भीलवाड़ा साइकिल क्लब द्वारा चलाए जा रहे अभियान का आज अनूठा और प्रेरणादायी नजारा देखने को मिला। कल आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के बाद आज साइकिल क्लब के अधिकांश सदस्यों ने अपने-अपने मतदान केंद्रों पर साइकिल से पहुंचकर मतदान किया।

साइकिल क्लब प्रभारी अरुण संतोष मुछाल ने बताया कि क्लब के सदस्यों ने न केवल अपने मताधिकार का प्रयोग किया, बल्कि मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए साइकिल का उपयोग कर स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन और जिम्मेदार नागरिकता का संदेश भी दिया। मतदान के बाद सदस्यों ने अपनी उंगली पर लगी स्याही के निशान के साथ साइकिल सहित सेल्फी ली और उन्हें अपने-अपने ग्रुपों एवं सोशल मीडिया स्टेटस पर पोस्ट कर अन्य नागरिकों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया।




उन्होंने बताया कि सामान्यतः लोग मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए दुपहिया और चौपहिया वाहनों का उपयोग करते हैं। इसके विपरीत आज साइकिल क्लब के सदस्य साइकिलों पर अपने-अपने मतदान केंद्र पहुंचे। साइकिल के साथ मतदान केंद्र पहुंचने का यह दृश्य लोगों के लिए आकर्षण के साथ-साथ प्रेरणा का विषय भी बना।

साइकिल क्लब का उद्देश्य केवल साइकिल चलाने को बढ़ावा देना ही नहीं, बल्कि साइकिल के माध्यम से फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण, यातायात जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश जन-जन तक पहुंचाना भी है। इसी भावना के तहत क्लब द्वारा मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश भी साइकिल के माध्यम से दिया गया।

कार्यक्रम में तिलोकचंद छाबड़ा, बाबूलाल जाजू, अरुण संतोष मुछाल, मदन खटोड़, राजकुमार अजमेरा, राकेश सक्सेना, डॉ. देवेंद्र पुरी गोस्वामी, डॉ. हेमेन्द्र कौशिक, भूपेंद्र मोगरा, सत्यनारायण राठी, भेरूलाल सुवालका, रतनलाल छीपा, मुकेश कुमावत, जिनेंद्र चौधरी, मनोज कुमार तुलसानी, मुकेश सांमरिया, विक्रम दाधीच, विजय कपूर, निर्मल व्यास, अतुल शाह, कालूलाल सोनी सहित अनेक साइकिल क्लब सदस्यों ने साइकिल से मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया। साइकिल क्लब आयोजक सदस्यों ने उदभोदन में स्पष्ट संदेश दिया कि लोकतंत्र के इस महान मतदान पर्व पर सभी आमजन मतदान भी करें, पर्यावरण भी बचाएं, साइकिल चलाएं और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं।

**QUICK BITES**

## विशाल रक्तदान शिविर 12 सितंबर को

**भीलवाड़ा फोकस @ आगुचा**

श्री विष्णु के अवतार बाबा रामदेव जी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर सामुदायिक भवन बस स्टैंड आगूचा पर आयोजित होगा यह शिविर बाबा रामदेव सेवा समिति के तत्वाधान में चौथा शिविर लगेगा जो एक मानव सेवा को समर्पित करता है हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी युवा साथी मात्र शक्तियों सहित रक्तदान करेंगे समिति द्वारा सभी समाज जन को कार्यकर्ताओं द्वारा आमंत्रित किया जा रहा है

## विशाल भव्य जुलूस यात्रा 13 सितंबर को परसरामपुरा में

**भीलवाड़ा फोकस @ आगुचा**

समर सत्ता के प्रतीक श्री विष्णु के अवतार बाबा रामदेव जी महाराज के जन्मोत्सव पर एक विशाल शोभायात्रा उजाली दूज 13 सितंबर रविवार को परशुरामपुर में आयोजित होगी जुलूस यात्रा में नाना प्रकार की झांकियां और बड़े-बड़े कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां देंगे

## कथा का हर क्षण मूल्यवान - पंडित भगवती कृष्ण महाराज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



श्री विश्वकर्मा जांगिड़ समाज विकास समिति के तत्वावधान में श्री महापुराण कथा समिति द्वारा आयोजित श्री विश्वकर्मा महापुराण कथा के आज अन्तिम दिवस मंगलवार को हमेशा की तरह श्रद्धालुओं की अपार भीड रही। कथा मे पूरे दिन 'भगवान विश्वकर्मा' के बडे जयकारों और मधुर भजनों की धाक से पूरा माहौल भक्तिमय बन रहा था। दोपहर ठीक 1 बजे भगवान श्री विश्वकर्मा की विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती के साथ कथा शुरु हुई, जिसमें बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कथा वाचक पंडित श्री भगवती कृष्ण जी महाराज ने व्यास पीठ से भगवान श्री विश्वकर्मा की अद्भुत महिमा, स्वरूप और उनके वैश्विक महत्व का सजीव वर्णन करते हुए अवगत कराया की कथा में 7 दिन 7 घंटों के बराबर होता है और कहा कि श्री विश्वकर्मा जी का सम्बन्ध सभी वर्ग से रहा है कथा में महाराज जी ने 16 संस्कारों से भी अवगत कराया जिसमें गर्भधारण को बड़ा ही मुख्य बतायाद्य इसके अलावा कामुकता को अपना विनाश बताकर कहा कि अच्छे अच्छे योद्धा भी अपना बल खो गए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर पधारे हुए संत महात्माजी और जयपुर से पधारे अंगीरा पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर अभयदास जी महाराज ,विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा दानदाताओं का महाराज श्री द्वारा व्यास पीठ से आशीर्वाद एवं सम्मान किया गया। अंत में भगवान की भव्य महाआरती उतारी गई और उपस्थित महा समुदाय में महाप्रसाद का वितरण किया गया।

## श्रध्दा एवं आस्था के साथ पूजा आरती एवं परमात्मा की अंगरचना

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**





बापूनगर स्थित श्री संभवनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व की आठ दिवसीय आराधना श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मंगलवार से प्रारंभ हो गई। इसके तहत प्रतिदिन पूजा अर्चना के साथ प्रभु भक्ति से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रम होंगे। पर्युषण के पहले दिन पक्षाल व केसर पुजा के लाभार्थी मनोज सीमादेवी, हर्षित अर्पित डोशी परिवार रहा। इसी तरह प्रातःकालीन भगवान की आरती, श्री नाकोड़ा भैरव देव एवं पद्मावती माता की आरती एवं मंगल दीपक का लाभ मंजूलता, कुमकुम हितेश, लक्की विवेक खाब्या परिवार ने प्राप्त किया। भगवान की अंगरचना लाभार्थी घिसीबाई भंवरलाल नागौत्रा (सोलंकी) परिवार एवं विमल भाई ने प्राप्त किया। अंगरचना बनाने में सहयोग संजय लोढ़ा, जितेन्द्र आंचलिया, दिनेश गोलेछा, संयम कर्णावट, खुशी मेहता, साक्षी आंचलिया आदि का रहा।

शाम को भगवान की आरती एवं मंगल दीपक के बाद भक्ति संध्या प्रारंभ हुई।

श्री संभवनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर समिति के अध्यक्ष मनीष बाफना ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 7 बजे से मंदिर में पक्षाल एवं केसर पूजा होगी एवं परमात्मा की अंगरचना होगी। प्रतिदिन सुबह 7 बजे से मंदिर में पक्षाल एवं केसर पूजा होगी एवं परमात्मा की अंगरचना होगी। प्रातःकालीन आरती सुबह 9 बजे से एवं संध्याकालीन आरती रात 8 बजे होगी। प्रतिदिन रात 8.15 बजे से उपासरे में भीलवाड़ा के प्रसिद्ध गायकों के द्वारा भव्य भक्ति संध्या का आयोजन होगा। मंदिर समिति के संरक्षक सुशीलादेवी सिंघवी, बलवंतसिंह मेहता,,उपाध्यक्ष गुणवंतलाल जैन, मंत्री दिनेश गोलेछा,सहमंत्री कुलदीप गुगलिया,कोषाध्यक्ष अनिल बिसलोत आदि पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं से पर्युषण पर्व में होने वाले कार्यक्रमों में पधार कर कर्मो की निर्जरा कर भक्ति का आनंद लेने का आग्रह किया है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।